# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 24 अक्तूबर, 2023

## अभ्यास MILAN 2024

फरवरी 2024 में **विशाखापत्तनम** में आयोजित होने वाले **MILAN 24** (बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास- 2024) की मेज़बानी [भारतीय नौसेना]() द्वारा की जाएगी, इस संबंध में पूर्वी नौसेना कमान (Eastern Naval Command- ENC) द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मिड प्लानिंग कॉन्फ्रेंस (Mid Planning Conference- MPC) की गई।

- MILAN एक द्विवार्षिक बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है जिसकी शुरुआत भारतीय नौसेना ने 1995 में अंडमान और निकोबार कमान में की थी।
- वर्ष 1995 के संस्करण में केवल चार देशों **इंडोनेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका और थाईलैंड** की भागीदारी के साथ शुरू हुए इस अभ्यास में प्रतिभागियों की संख्या तथा अभ्यास की जटिलता के संदर्भ में परिवर्तन किये गए हैं।
- मूल रूप से भारत की **'लुक ईस्ट पॉलिसी'** के अनुरूप शुरू किये गए बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास MILAN ने आने वाले वर्षों में भारत सरकार की**'एक्ट ईस्ट पॉलिसी'** और क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा एवं विकास**(सागर) पहल** के साथ अपना विस्तार किया, जिसमें **हिंद महासागर क्षेत्र तथा पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र (IOR)** के तटवर्ती देशों को शामिल किया गया।

**और पढ़ें...** [अंडमान और निकोबार कमान]()

## संयुक्त राष्ट्र की 78वीं वर्षगाँठ

24 अक्तूबर, 2023 को विश्व में [संयुक्त राष्ट्र (UN)]() की 78वीं वर्षगाँठ मनाई गई।

- [संयुक्त राष्ट्र दिवस]() एक वार्षिक कार्यक्रम है जिसके तहत वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के लागू होने की वर्षगाँठ का जश्न मनाया जाता है। यह **संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्यों और उपलब्धियों के बारे में जागरूकता एवं समझ को बढ़ावा देने के लिये प्रत्येक वर्ष 24 अक्तूबर को मनाया जाता है।**
- संयुक्त राष्ट्र का अग्रदूत **राष्ट्र संघ** की कल्पना [प्रथम विश्व युद्ध]() की परिस्थितियों में की गई थी और वर्ष **1919 में वर्साय की संधि** के तहत "अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने तथा शांति एवं सुरक्षा के लिये" इसे स्थापित किया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र के 6 संघटक हैं जिनकी स्थापना वर्ष 1945 में हुई थी जैसे कि **महासभा**, [सुरक्षा परिषद](), **आर्थिक और सामाजिक परिषद**, **ट्रस्टीशिप परिषद**, [अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय](), **संयुक्त राष्ट्र सचिवालय।**

**और पढ़ें...** [खाद्य और कृषि संगठन (FAO)](), [अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO)]()

## एक्सरसाइज़ हरिमाउ शक्ति 2023

भारतीय और मलेशियाई सेना के बीच संयुक्त द्विपक्षीय प्रशिक्षण अभ्यास **"एक्सरसाइज़ हरिमाउ शक्ति 2023"** भारत के **उमरोई छावनी** में शुरू हुआ जिसमें भारतीय दल से **राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन** और **मलेशियाई सेना की 5वीं रॉयल बटालियन** शामिल थी।

- इस अभ्यास में एक **संयुक्त कमांड पोस्ट,** एकीकृत निगरानी ग्रिड और **संयुक्त निगरानी केंद्र** की स्थापना शामिल है, जिसमें विभिन्न वातावरणों में संयुक्त बल की तैनाती, खुफिया जानकारी एकत्र करने, ड्रोन/यूएवी तथा हेलीकॉप्टरों का उपयोग, हताहतों के प्रबंधन तथा लॉजिस्टिक्स पर ज़ोर दिया गया है।
- इस अभ्यास का उद्देश्य **भारतीय सेना और मलेशियाई सेना** के बीच रक्षा सहयोग के स्तर को बढ़ाना है, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को भी बढ़ावा देगा।

**और पढ़ें...**[भारत-मलेशिया रक्षा सहयोग]()

## राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड

[सहकारी क्षेत्र]() **के निर्यात** के लिये एक प्रमुख संगठन के रूप में स्थापित **राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (National Cooperative Exports**

**Limited- NCEL)** ने 7,000 करोड़ रुपए के ऑर्डर प्राप्त कर बड़ी सफलता प्राप्त की है।

- केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि निर्यात लाभ का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा,**लगभग 50%, NCEL के माध्यम से किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगा।**
  - NCEL, बहु-राज्य सहकारी समितियाँ अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत है जो सहकारी क्षेत्र से निर्यात के लिये एक अम्ब्रेला संगठन के रूप में कार्य करता है।
- NCEL को सहकारी क्षेत्र में **निर्यात बढ़ाने, किसानों को समृद्ध बनाने, फसल पैटर्न को बदलने** , जैविक उत्पादों के लिये वैश्विक बाज़ार प्रदान करने, जैव ईंधन हेतु वैश्विक बाज़ार में भारत के लिये स्थान हासिल करने एवं सहकारी क्षेत्र को मज़बूत करने के 6 उद्देश्यों के साथ लॉन्च किया गया है।

**और पढ़ें...**[भारत में सहकारिता को बढ़ावा देना]

---

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/2023-10-24/print